हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक १२३ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० ०१ नवम्बर २०२३ दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

# विपक्ष ने मोदी सरकार पर जासूसी का लगाया आरोप, एप्पल की सफाई हमने कोई अलर्ट जारी नहीं किया

## फोन हैक कराने का आरोप बिल्कुल बेबुनियादी — भाजपा

### एप्पल आईफोन हैकिंग मामले में सरकार ने दिए जांच के आदेश — वैष्णव



प्रखर नई दिल्ली/एजेंसी। मंगलवार को गैर भाजपा नेताओं की ओर से एपल उपकरणों पर प्राप्त चेतावनी का स्क्रीनशॉट साझा करने के बाद एक नया राजनीतिक विदाद खड़ा हो गया. एक ओर जहां भाजपा इन आरोपों को निराधार बता रही है वहीं दूसरी ओर गैर भाजपा नेता जिनमें महुआ मोइत्रा, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता शामिल हैं, उन्होंने सरकार पर जासूसी के गंभीर आरोप लगाए हैं. इस मामले में सरकार की ओर से बयान देते हुए भाजपा नेता नलिन कोहली ने सरकार का बचाव किया. इस बीच एपल ने मंगलवार को विपक्षी नेताओं के आरोपों के बीच दावों का जवाब दिया. कंपनी ने कहा कि यह संभव है कि कुछ एप्पल चेतावनियां गलत अलार्म हो सकती हैं. अपने तकनीकी सहायता पृष्ठ से निकाले गए एक संक्षिप्त बयान में, एप्पल ने कहा कि राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से वित्त पोषित और परिष्कृत होते हैं. ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है जो अक्सर अपूर्ण होते हैं. कंपनी ने कहा कि यह संभव है कि कुछ चेतावनियां फॉल्स अलार्म हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता है. एप्पल ने यह भी कहा कि वह इस तरह की अधिसूचनाओं के जारी होने के कारणों के बारे में जानकारी देने में असमर्थ है, क्योंकि ऐसा करने से राज्य-प्रायोजित हमलावरों को भविष्य में पता लगाने से बचने के लिए अपने व्यवहार को अनुकूलित करने में मदद मिल सकती है. विपक्षी नेताओं द्वारा सरकार पर अपना फोन टेप करवाने के लगाए जा रहे आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि सरकार पर लगाए जा रहे आरोप बिल्कुल बेबुनियाद और गलत हैं, इन नेताओं को एप्पल से सफाई मांगनी चाहिए कि यह किस तरह का मैसेज है और कंपनी के जवाब से असंतुष्ट होने पर एफआईआर करवानी चाहिए. विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के बारे में भाजपा मुख्यालय में मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इन नेताओं को एफआईआर करने से कौन रोक रहा है ? यह क्या मैसेज है और क्यों भेजा गया है, इसके बारे में तो एप्पल कंपनी ही सफाई दे सकती है ? उन्होंने कहा कि शशि थरूर तो स्वयं आईटी से जुड़ी स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं, वह इस मामले में एप्पल कंपनी से क्लेरिफिकेशन क्यों नहीं मांगते हैं ? प्रसाद ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर ये नेता एप्पल की सफाई से संतुष्ट नहीं होते हैं तो जाकर एफआईआर करवाएं. प्रसाद ने इन नेताओं के आरोपों को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों के समान बताते हुए कटाक्ष किया कि यह इस तरह का मामला लग रहा है जैसे राहुल गांधी ने देश भर में हल्ला मचाया था कि पेगासस से उनके फोन की जासूसी हो रही है लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अपना फोन जांच कमेटी को जांच के लिए देने को कहा तो उन्होंने नहीं दिया. रविशंकर प्रसाद ने सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद और गलत बताते हुए कहा कि एप्पल कंपनी से क्लेरिफिकेशन मांगने और एफआईआर दर्ज करवाने की बजाय यह तमाम लोग सरकार पर आरोप लगा रहे हैं जो बिल्कुल बेबुनियाद और गलत है.

कई विपक्षी नेताओं की अपने एप्पल उपकरणों की शहैकिंगश के आरोप पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बहुत कम लोग इसके खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन हम डरे हुए नहीं हैं. आप जितनी चाहें उतनी (फोन) टैपिंग कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि मुझे परवाह नहीं है. अगर आप मेरा फोन लेना चाहते हो तो मैं तुम्हें दे दूंगा। एएनआई से बात करते हुए बीजेपी नेता नलिन कोहली ने कहा कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ बहुत गंभीर आरोप हैं. इसके लिए उन्हें संसद की आचार समिति के सामने भी जाना होगा. जवाब देना होगा. अब वह फोन हैकिंग की बात कर रही हैं. अगर कोई हैक करने की कोशिश करता है तो फोन पर तुरंत नोटिफिकेशन आ जाता है. हम कैसे मान लें कि भारत सरकार ने ऐसा किया है? वह किस आधार पर ऐसा कह रही हैं? नलिन कोहली ने कहा कि यह ध्यान भटकाने की कोशिश है. साथ ही यह भी संभव है कि उन्होंने खुद ही अपना फोन हैक करने की कोशिश की हो? यह भी संभव हो सकता है. इस बीच, आप सांसद राघव चड्ढा को भी अपने फोन पर कथित हैकिंग की सूचना मिली और उन्होंने दावा किया कि यह भारत के लोगों पर हमला है. आप सांसद ने कहा कि आज सुबह-सुबह मुझे एपल से एक जानकारी मिली. जिसमें मुझे मेरे फोन पर संभावित राज्य-प्रायोजित स्पाइवेयर हमले के बारे में चेतावनी दी गई थी. ये हमले मुझ पर एक व्यक्ति या एक विपक्षी दल के रूप में नहीं बल्कि भारत के आम लोगों पर हैं. जैसा कि यह है सिर्फ मेरे फोन या मेरे डेटा के बारे में नहीं. हर भारतीय को चिंतित होने की जरूरत है. क्योंकि आज यह मैं हूं, कल यह आप हो सकते हैं.

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के फोन हैक होने के दावे पर जवाब देते हुए कहा कि सांसद को तुरंत अपना मोबाइल फोन जांच के लिए दिल्ली पुलिस को देना चाहिए. क्या अब भारत सरकार के पास कोई काम नहीं बचा है? चंद रुपयों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को गिरवी रखने की आरोपी सांसद का यह घड़ियाली आंसू सच में हंसाता है. दिल्ली पुलिस को तुरंत माननीय सांसद का मोबाइल फोन लेकर जांच करनी चाहिए, सांसद तुरंत निजता के उल्लंघन का मामला दर्ज करना चाहिए. निशिकांत दुबे ने एक्स एक पोस्ट में कहा कि उन्हें राहुल गांधी जी की तरह आरोप लगाकर भागना नहीं चाहिए. उन्होंने मोबाइल टेप के बारे में भी बात की लेकिन फोन नहीं दिया. शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी अपने फोन की कथित हैकिंग का दावा करते हुए आरोप लगाया कि यह केंद्र सरकार का प्रायोजित कार्यक्रम है. जिस तरह से मुझे सोमवार रात चेतावनी मिली, उससे पता चलता है कि यह केंद्र सरकार का प्रायोजित कार्यक्रम है. मुझे सावधानी बरतने की जरूरत है.चेतावनी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ये हमले शराज्य प्रायोजितश हैं. शिवसेना सांसद ने कहा कि क्या कारण है कि सिर्फ विपक्ष के नेताओं को ही ऐसे संदेश मिल रहे हैं. इससे पता चलता है कि बड़े पैमाने पर निगरानी चल रही है. इस पर जांच होनी चाहिए और केंद्र को इस पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत है. एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी कथित हैकिंग का स्क्रीनशॉट साझा किया. उन्होंने कहा कि कल रात ऐप्पल की ओर से एक अलर्ट संदेश मिला कि हैकर्स मेरे फोन को निशाना बना रहे हैं. अपनी वेबसाइट पर एपल सहायता पृष्ठ के अनुसार, राज्य-प्रायोजित हमले अत्यधिक जटिल होते हैं, इन्हें विकसित करने में लाखों डॉलर खर्च होते हैं. अक्सर इनकी शेल्फ लाइफ कम होती है. ऐप्पल का कहना है कि अगर उसे राज्य-प्रायोजित हमले के अनुरूप गतिविधि का पता चलता है, तो वह लक्षित उपयोगकर्ताओं को दो तरीकों से सूचित करेगा.

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक ही परिवार के पांच की दर्दनाक मौत



प्रखर हरदोई। जिले के सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार रात करीब 10 बजे अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार साल के बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक पचदेवरा थानाक्षेत्र के बराकांठ गांव के हैं और एक ही परिवार के बताए जा गए हैं। हादसे की जानकारी होते ही एसपी, एएसपी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।बराकांठ गांव निवासी होशियार सिंह (55) का छोटा बेटा गोविंद सांडी थानाक्षेत्र के नयागांव स्थित ससुराल में रहता है। उसकी पत्नी को छह दिन पहले बेटी हुई थी। उसके छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को होशियार सिंह अपने बड़े बेटे मुकेश (30), पौत्र बल्लू (4) पुत्र मुकेश, परिवार के राजाराम और भतीजे मनोज के साथ कार से नयागांव जा रहे थे। रात करीब 10 बजे खमरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कार के परखच्चे उड़ गए और सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर सवायजपुर कोतवाली पुलिस के साथ ही एसपी केसी गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। कड़ी मशक्कत के बाद कार के हिस्सों को काटकर शवों को बाहर निकाला गया और उन्हें मर्च्युरी भेजा गया। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। हादसे से परिवार में चीख-पुकार मच गई। एसपी ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी और उसे मुकेश चला रहा था। पेड़ से टक्कर हुई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## डायजापाम के साथ दो पशुतस्कर धराये




### एनडीपीएस में भेजा चालान न्यायालय

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। स्थानीय पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो शातिर पशुतस्कर को गिरफ्तार कर लिया है । उनके पास तलाशी में लगभग सौ ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ है । आरोपितों को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में चालान न्यायालय भेज दिया । थानाध्यक्ष चन्दन रॉय ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो पशुतस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े है । पहले आरोपित का नाम असलम पुत्र हबीब निवासी लेदरही है, उसके पास तलाशी में पचास ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ है । जबकि दूसरा तस्कर अली हुसैन उर्फ पिल्ला पुत्र अल्ताफ निवासी मोहियापार थाना अहिरौला आजमगढ़ जनपद का है । उसके पास डाइजापाम की 50 ग्राम पुड़िया मिली है ।पुलिस के मुताबिक दोनों पशुतस्कर है, गोतस्करी में लिप्त है । वह जेल से छूटने के बाद जमानत पर था । गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ चन्दन रॉय, उपनिरीक्षक मंहगू यादव, अनिरुद्ध सिंह समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे ।


## सोन नदी में नहाने गये भाई-बहन सहित चार डूबे, एक बचा तीन लापता



प्रखर सोनभद्र/वाराणसी। चोपन थाना क्षेत्र के अम्माटोला स्थित बलियरी घाट पर मंगलवार को नहाते समय मौसेरे भाई-बहन समेत चार लोग सोन नदी में डूब गए। डूब रहे एक बालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तीन अन्य का पता नहीं चल सका। गोताखोरों की मदद से पुलिस शाम तक उनकी तलाश में जुटी रही। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। झारखंड के गढ़वा जिले के टंडवा निवासी जितेंद्र तीन दिन पूर्व अम्माटोला स्थित अपने साढ़ू अशोक के घर आया था। मंगलवार की सुबह जितेंद्र (28) अपनी पुत्र शिवानी (6), पुत्र अभिषेक (4) व साढू के पुत्र आशीष (14), रोहित उर्फ चोका (13), रिश्तेदार घोरावल के मुठेर निवासी दीपक (25) सहित कुछ अन्य सदस्यों के साथ सोन नदी में नहाने बलियरी घाट पर पहुंचा। नहाने के दौरान आशीष, रोहित, दीपक और शिवानी नदी के तेज बहाव में फंसकर डूबने लगे। उनकी चीख-पुकार सुनकर किनारे मौजूद लोगों की नजर पड़ी तो खलबली मच गई। शोर मचाते हुए लोग उन्हें बचाने के लिए दौड़े। घाट से करीब पांच सौ मीटर दूर एक टीले में जाकर रोहित फंस गया, जिस कारण उसे सुरक्षित निकाल लिया गया। अन्य तीनों का कहीं पता नहीं चला। सूचना पाकर सीओ सदर संजीव कटियार, चोपन एसओ विश्वनाथ प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से डूबे तीनों की तलाश शुरू की गई। शाम तक किसी का पता नहीं चल पाया था।

## राजतिलक के साथ श्रीराम कथा का समापन भंडारे में हजारों शामिल







प्रखर जौनपुर। सेवा भारती जौनपुर काशी प्रांत के नेतृत्व में समाजसेवी और भाजपा नेता ज्ञानप्रकाश सिंह के सौजन्य से बी आर पी कालेज के मैदान पर चल रहे सात दिवसीय श्रीराम कथा का आज मंगलवार को भव्य समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ।आज कथा सुनने के लिए लगभग दस हजार श्रद्धालु नर नारी सम्मिलित हुए।समापन पश्चात नगर में चहुओर राममय वातावरण दिखाई दिया।राज्याभिषेक के बाद परिसर में सभी श्रद्धालुओं ने अपने स्थान से आरती उतारी।सबके हाथ में दीपक था।पांडाल की लाइट बुझा दी गई थी।परिसर में अदभुत दृश्य दिखाई देने लगा।पटाखे छूटे और फूलों की वर्षा हुई।कथास्थल श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। सातवे दिन प्रख्यात कथाकार शांतनु महराज ने प्रवचन सुनाते हुए कहा कि भगवान को पाने के लिए बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो। माता शबरी और अहिल्या ने पूरे जीवन भगवान कि भक्ति भाव से प्रतीक्षा की।अंततः भगवान उनके पास स्वयं पहुंचकर दर्शन दिए। उन्होंने कहा सांसारिक जीवन में हम सभी की यही स्थिति होनी चाहिए। भगवान के लिए मन में ललक और प्यास होनी चाहिए। इसीलिए भगवान जब भारद्वाज मुनि के पास गए तो उन्होंने यही कहा कि आज उनके सम्पूर्ण मनोरथ पूर्ण हो गए। महाराज जी ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका कोई गुरु नही उसका जीवन शुरू नही होता।गोस्वामी जी ने सम्पूर्ण मानस में समय समय पर गुरु महिमा का बखान किया है।चित्रकूट की लीला का बहुत ही सुंदर व मार्मिक वर्णन किया । दशरथ जी के महाप्रयाण का महाराज जी ने मार्मिक दर्शन कराया तो सभी की आंखे छलक पड़ी।अयोध्या में भगवान राम के राज्याभिषेक को शांतनु महराज ने कथा मंडप में दिवाली जैसा माहौल बनाया। कथानुरागी इसमें शामिल होकर भाव विभोर हो उठे।मुख्य आयोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने श्रीराम कथा की सफलता पर सभी के प्रति आभार जताया। संचालन डा वेदप्रकाश ने किया। मुख्यरूप से प्रांत कार्यवाह मुरली पाल सांसद बी पी सरोज विद्यासागर सोनकर विधायक डा आर के पटेल सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष राहुल सिंह रामविलास पाल पुष्पराज सिंह कमला सिंह रागिनी सिंह ममता सिंह डा सरला त्रिपाठी डा अंजना सिंह नीतू शीला शिक्षा निषाद डा सुभाष सिंह बृजेश यादव शिवा रघुवंशी सहित दर्जनों विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## जेल में बंद आजम खांन को सपा ने बनाया स्टार प्रचारक



प्रखर एजेंसी। सपा ने जेल में बंद आजम खां समेत कई नेताओं को मध्य प्रदेश चुनाव के लिए अपना स्टार प्रचारक बनाया है। प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल की ओर से यह सूची जारी की गई है। स्टार प्रचारकों की जारी सूची में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, महासचिव मो. आजम खां, सांसद जया बच्चन, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिंपल यादव, महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य व राम अचल राजभर, पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, मिठाई लाल भारती, व्यास जी गोंड, नरेश उत्तम पटेल, धार्मेंद्र यादव, चंद्रपाल सिंह यादव, श्याम सुंदर सिंह यादव, दीप नारायण सिंह यादव आदि शामिल हैं। सपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक 1 नवंबर को प्रदेश मुख्यालय पर होगी। इसमें 300 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंथन किया जाएगा।

# करवाचौथ सुहागिनों का सबसे बड़ा त्योहार– सोनी राय

वर्ष 2023 में नवंबर 01 वैसे तो कैलेण्डर का एक साधारण सा ही दिन प्रतीत होता है लेकिन अभी से सुहागिन महिलाओं ने उसकी तैयारी शुरु कर दी है। वह दिन उत्तरी भारत की सुहागिनों के लिए बहुत बड़ा दिन है क्यों कि उस दिन करवाचौथ है। आज के समय में करवाचौथ किसी पर्व से कम नहीं माना जाता है। ये औरतों खासकर शादी शुदा औरतों का ही त्योहार है। लेकिन अब वे कुंवारी लड़कियां जिनका रिश्ता तय हो गया है, वे भी यह उपवास करती हैं। इस दिन औरतें अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए पूरे दिन का उपवास करती हैं। औरतें शाम को चांद देखने के बाद ही अपना उपवास खोलती हैं। हालांकि यह एक जटिल उपवासों में से एक है लेकिन तब भी महिलाएं पूरे वर्ष इसका इंतजार करती हैं। नई शादीशुदा महिला के लिए तो यह बहुत ही खास होता है जब उन्हें सज धज कर फिर से दुल्हन बनने का मौका मिलता है। इस त्योहार के आने से एक महीने पहले ही इसकी तैयारी के लिए बाजार में चहल पहल दिखने लगती है। इस समय साडियां, गहने, मेकअप, चूड़ी, बिंदी पार्लर वालों की सबसे अधिक बिक्री होती है। औरतों को अपने पति व अन्य रिश्तेदारों से कई प्रकार के तोहफे मिलते हैं। इस त्योहार के दिन दोस्त रिश्तेदार एक दूसरे के साथ मिठाइयां प्रसाद वगैरह बांटते हैं। इस त्योहार के दिन औरतों को अपने पूरे परिवार के साथ होने का मौका भी मिलता है। जिससे आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। यह कार्तिक के महीने में अक्सर अक्टूबर या नवंबर में ही मनाया जाता है। सूर्य उगने से पहले ही यह उपवास शुरु कर दिया जाता है। इस दिन औरतें निर्जला उपवास करती हैं और चाय पानी शाम को चांद देखने के बाद ही पीती हैं। इस व्रत से जुड़ी इतिहास की कहानियां हैं जिनसे यह व्रत जुड़ा हुआ है एक समय एक वीरवती थी। वह अपना पहला करवाचौथ करने के लिए अपने मायके आई। उसने पूरे दिन निर्जला उपवास किया। शाम को अपनी बहन को भूख व प्यास से व्याकुल देख कर उसके सात भाइयों ने आग जलाकर झूठा चांद दिखाते हुए उसे पूजा करने को कहा। वह मान गई और पूजा करके जैसे ही उसने पहला निवाला अपने मुंह में डाला। वैसे ही उसके पति की मौत का संदेश आ गया। वह रोती बिलखती रही। एक देवी प्रकट हुई और उसे चांद का सच बताया। फिर उन्होंने उसे दुबारा से उपवास रख उसे पूरा करने को कहा। रानी ने वैसे ही किया और उसके पति के प्राण वापस आ गए। पूरे विश्व में भारत ही ऐसी जगह है जहां औरतें अपने जीवनसाथी के लिए निर्जल उपवास करती हैं। वैसे बदलते हुए समय और धारणाओं ने करवाचौथ के मायनों को भी बदल दिया है। इसका भी व्यावसायिकरण हर साल बढ़ता जा रहा है। इन दिनों हल्वाइयों, मेहंदी वाले, चूड़ी वाले बहुत अधिक व्यस्त हो जाते हैं। उनकी बिक्री भी खूब होती है। इसलिए इन दिनों ये सब चीजों के दाम भी चार गुना बढ़ जाते हैं। इसके अलावा अब ब्यूटी पार्लर, रेस्तरां आदि भी इस समय में खूब कमाई करते हैं। रेस्तरां और होटलों में तो अभी से तैयारियां शुरु हो गई हैं। उस दिन के लिए खास मेन्यू व सजावट की जाती है।

# भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी




**डीएम द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ रैली को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना**

प्रखर संतकबीरनगर। राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 148वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाए जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकों को शपथ दिलाते हुए कहा ''मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प लेता हूँ''। जिलाधिकारी ने लौह पुरूष के जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा–भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजली होगी। जिलाधिकारी ने बेहद प्रैक्टिकल अंदाज में सरदार जी के नेतृत्व शैली, दक्षता एवं आत्मबल पर प्रकाश डालते हुए देश के महापुरूषों की जीवन शैली एवं कार्य शैली से सीख लेकर उसे अपनी आदत में सुमार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने दृढ़ इच्छा शक्ति एवं संकल्प के धनी सरदार बल्लभभाई पटेल जी की ''विविधता में एकता'' की नीति का आज के परिवेश, समाज एवं देश हित में महत्व एवं योगदान को उदाहरण के साथ बताया। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी मंजुल मयंक सहित अन्य अधिकारियों ने भी भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार द्वारा मौलाना इण्टर कॉलेज से छात्रध्छात्राओं की एकता दौड़ रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया जो मा0 कांशीराम स्टेडियम में पहुॅचकर एकता दौड़ में प्रतिभाग करेगी। इसमें मौलाना इण्टर कॉलेज, जी0जी0आई0सी0 एवं एच0आर0आई0सी के छात्रध्छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, प्रधानाचार्य हीरालाल इण्टर कॉलेज, प्रधानाचार्या जी0जी0आई0सी0 सबीहा मुम्ताज, प्रधानाचार्य मौलाना इण्टर कॉलेज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चाय पर बुलाया !

**कृष्णेन्द्र राय**



फिर से एक बार ।  
चाय पर बुलाया ।।  
पूछताछ भी होगी ।  
आगे ये फरमाया ।।  
है गरमायी राजनीति ।  
जानबूझकर खेल ।।  
एक एक करके ।  
कस रहे नकेल ।।  
है मचा कोहराम ।  
नए नए बयान ।।  
चाहते हमारा वो ।  
गिर जाए सम्मान ।।  
पर देना जवाब है ।  
फिर काहे घबराना ।।  
ना भरी है जेब ।  
है केवल बताना ।।

# देश की एकता व अखंडता में सरदार पटेल का अहम योगदान– धनंजय सिंह



प्रखर जौनपुर । भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद धनंजय सिंह के नेतृत्व में निकाली गई जन एकता यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह– जगह लोगो ने पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। भारत माता की जय व सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। मोहम्मद हसन कालेज के मैदान में बने मंच पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रगान के बाद देशभक्ति तारानो के साथ हजारो लोग भारत माता की जय.. सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के नारों के साथ हाथ में तिंरगा लहराते निकले तो ऐसा लगा कि मानो हर किसी के दिल में देशभक्ति का समंदर हिलोरें मार रहा हो। लौह पुरुष के सम्मान में निकाली गई जन एकता यात्रा में युवाओं का जोश व जज्बा देखते ही बनता था। कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलंदगंज में ब्यापारियो ने यात्रा पर पुष्पवर्षा कर पूर्व सांसद का माल्यार्पण किया। लगभग साढ़े तीन घंटे बाद यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंची। पूर्व सांसद ने विकास भवन परिसर में स्थापित लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता की यह देन लौह पुरुष सरदार पटेल जी की है। उनके जीवनी से आज के युवाओ को सीख लेनी चाहिए। देश की एकता व अखंडता के लिए लौह पुरुष ने जो अमूल्य योगदान दिया है उसे भुलाया नही जा सकता। उन्होंने जिस तरह से सारी रियासतो को एक करवाने का कार्य किया आज की आधुनिक भारत उन्ही की देन है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह कोई राजनैतिक कार्यक्रम नही है।

# सपा कार्यालय पर लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जयंती मनाई गई



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को निवर्तमान जिलाध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्ययता में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया।जंयती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और लौहपुरुष कहें जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की आजादी और भारतीय रियासतों को भारतीय संध में अपना अहम योगदान दिया था सरदार पटेल पहले उपप्रधानमंत्री और भारत के पहले गृहमंत्री मंत्री भी थे। देश की आजादी में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे कहीं ज्यादा योगदान आजाद भारत को एक सूत्र में बांधने में भी किया था।सरदार पटेल अनुकरणीय गुणों वाले एक महान राजनीतिक नेता थें सीधे और स्पष्टवादी धर्मनिरपेक्ष भारत के प्रतिबद्भता सच्ची और सुपरिभाषित थी साहस निष्ठा और दृढ़ निश्चय के आसाधारण गुणों से संम्पन्न थें। कहा उन्होंने भारत की एकता एवं सम्प्रदायिकता सदभाव के लिए आर०एस०एस पर प्रतिबंध लगाकर साहस का परिचय दिया था। अध्ययता करते हुए डां अवधनाथ पाल ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31अक्टूबर 1875 गुजरात में हुआ था लंदन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढ़ाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगें महात्मा गांधी के विचारों से प्ररित होकर उन्होंने भारत के स्वत्रंत्रता आन्दोलन में भाग लिया वह एक कुशल प्रशासक थें जिनके प्रयासों और निर्णय के कारण देश की स्वतंत्रता के पश्चात 565 रियासतों को भारत देश में सम्मिलित कर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि आज भारत अखण्ड हैं। जंयती समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, प्रभान्नद यादव,श्याम बहादुर पाल,राजेन्द्र टाइगर, राहुल त्रिपाठी, राममूर्ति सरोज, संजय राजभर,मेवालाल गौतम, श्याम नरायन बिन्द,रामजतन यादव, सूर्यभान यादव, रामू मौर्या,राम इकबाल यादव,विरेन्द्र यादव सत्य नरायण यादव,राजेश यादव अनील दूबे, अखिलेश यादव,भगौती सरोज, पंकज मिश्रा, देवमणि यादव, तारा त्रिपाठी, हरिचंद प्रभाकर,प्रवीण सरोज,इजहार अहमद,लक्ष्मी शंकर यादव, आदि संचालन निवर्तमान महासचिव अखण्ड प्रताप यादव ने किया ।

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



प्रखर मिर्जापुर। अपना दल (एस) ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी प्रदेश भर में जयंती मनाई। इसी क्रम में मिर्जापुर जनसंपर्क कार्यालय, पटेल चौक, भरुहना में देश की एकता और अखंडता के प्रतीक, आधुनिक भारत के शिल्पकार, महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148 वीं जयंती जिलाध्यक्ष ई० राम लौटन बिंद की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री एवं मिर्जापुर की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। लौह पुरुष सरदार पटेल की 148 वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री एवं मिर्जापुर की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले व भारत की एकता और शक्ति के प्रतीक मानें जाने वाले देश के पहले उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और श्लौह पुरुषश के नाम से मशहूर श्सरदार वल्लभभाई पटेलश की जयंती के शुभ अवसर पर उनको कोटि–कोटि नमन किया। इस मौके माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने भरुहना चौराहा स्थित सरदार पटेल जी की प्रतिमा स्थल पर आयोजित भव्य पुष्प अर्चन कार्यक्रम में शामिल हुई तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति पर पुष्प अर्चन किया। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल के चिरस्थायी योगदान को याद कर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, प्रदेश सचिव अनुसूचित मंच ज्ञानचंद कनौजिया, वरिष्ठ नेता गोवर्धन पटेल, युवा मंच अध्यक्ष उदय पटेल, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अशोक पटेल, जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉक्टर प्रशांत सिंह, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधानसभा अध्यक्ष विजय शंकर केसरी, जोन अध्यक्ष रतन जायसवाल, जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, जोन अध्यक्ष राजेश मौर्य, जोन अध्यक्ष रामविलास पटेल, श्रीमती नमिता केसरवानी, श्रीमती अर्चना अग्रहरि, श्रीमती पिंकी सिंह, श्रीमती राधिका बेलदार, कुमारी नीलम सिंह पटेल, नसीम कुरैशी, हर्षित सिंह पटेल, एडवोकेट संतोष कुमार विश्वकर्मा, जयशंकर पटेल, विकास मौर्य, प्रशांत शुक्ला, बैजनाथ पटेल, राम सकल, जयसिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फार युनिटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभा**

प्रखर वाराणसी। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से मलदहिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रन फार युनिटी में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा० अरविंद कुमार पाठक के आह्वान पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी अपने जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ष्शेखरष के नेतृत्व में अपने सभी जिला एवं ब्लाक पदाधिकारियों एवं सैकड़ों सदस्यों के साथ सम्मिलित हुआ। आज के कार्यक्रम की शुरुआत संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश सरकार में स्टांप एवं पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविन्द्र जायसवाल जी के द्वारा माल्यार्पण से हुआ।वल्लभभाई पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मंत्री जी एवं जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने उपस्थित शिक्षकों एवं छात्रों को देश की एकता एवं अखंडता के लिए शपथ दिलाई गई उसके पश्चात उपस्थित शिक्षकों छात्रों को मलदहिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा तक रन फार युनिटी के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रन फार युनिटी के दौरान मंत्री रविन्द्र जायसवाल जी के साथ जिलाधिकारी एस राजलिंगम,सीडीओ हिमांशु नागपाल,जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा० अरविंद पाठक,जिला सांस्कृतिक अधिकारी सुभाष यादव,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश संयुक्त मंत्री शशांक कुमार पाण्डेय ष्शेखरष, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, जिला उपाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी,जिला मंत्री संतोष कुमार पाण्डेय,जिला संगठन मंत्री प्रशांत मोहन गिरी,जिला मंत्री आभा तिवारी, प्रीति सिंह,जिला संयुक्त मंत्री रितु ओबराय, गीता गुप्ता, अजय कुमार एवं अनुराधा भार्गव,जिला मीडिया प्रभारी नंदलाल मौर्या,काशी विद्यापीठ ब्लाक अध्यक्ष संजय गुप्ता,आराजीलाइन्स ब्लाक उपाध्यक्ष चंद्र प्रताप नारायण सिंह, हरहुआ महामंत्री वीरेंद्र कुमार सिंह, दानबहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने मलदहिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा तक दौड़ लगाई। रन फार युनिटी का समापन मलदहिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रतिमा पर मंत्री रविन्द्र जायसवाल जी के माल्यार्पण के बाद समाप्त हुआ।

# श्री रंगा हरि मौन तपस्वी साधक बनकर हिमगिरि सा चुपचाप गले–डॉ. सन्तोष कुमार मिश्र



प्रखर डेस्क। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, वैचारिक योद्धा तथा एक हृदयस्पर्शी वार्ताकार श्री रंगा हरि जी का देवलोक गमन एक अपूरणीय क्षति है। वे महान विचारक, और व्रती स्वयंसेवक थे। गत 29अक्टूबर को तिरानबे वर्ष की आयु में कोच्चि में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री रंगा हरि का जन्म 5दिसंबर 1930को कोच्चि में हुआ था।वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर से प्रतिबंध हटाने की मांग को लेकर एक सत्याग्रही के रुप में दिसंबर 1948से 1949 तक केरल की सेंट्रल जेल में रहे। 1951में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह प्रचारक बन गए। देश में जब आपातकाल लागू होने पर उसके विरुद्ध संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाए। श्री रंगा हरि 1983से 1990तक केरल के प्रांत प्रचारक रहे। 1990में अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख और 1991 से 2005 तक अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रहे। संघ कार्य को विस्तार देने के उद्देश्य से वे 1994से 2005तक एशिया तथा आस्ट्रेलिया में हिंदू स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शक और सलाहकार रहे। वे वर्ष 2006 तक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल के सदस्य थे सनातन राष्ट्रीयत्व के पुरोधा रहे श्री रंगा हरि ने संघ कार्य हेतु ने पांच महाद्वीपों का प्रवास किया। वे बहुभाषाविद थे। उन्होंने मलयालम, संस्कृत,हिन्दी, कोंकणी, मराठी,तमिल, और अंग्रेजी में अनेक पुस्तकें लिखी तथा विभिन्न भाषाओं में पुस्तकों का अनुवाद भी किया। उन्होंने श्री गुरूजी समग्र बारह खण्डों में संकलित किया है। ष्पृथ्वी सूक्तरू ऐन ओड टू मदर अर्थष जीवन की सांध्य बेला में लिखी गई अंतिम पुस्तक है। संघ किरण घर घर देने को अगणित नंदा दीप जलेध्मौन तपस्वी साधक बनकर हिमगिरि सा चुपचाप जले को मंत्र मानकर अन्तिम सांस तक श्री रंगा हरि का जीवन देश सेवा और संघ कार्य को समर्पित रहा। उनकी प्रेरक स्मृति के प्रति आदरपूर्ण संवेदना के साथ चिर शान्ति के लिए ईश्वर से कोटिशः प्रार्थना है ।

## किसान यूनियन के धरनास्थल पर मनाई गई पटेल की जयन्ती



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। वनस्थली महा विद्यालय के पास लगाये गये अवैध टोल प्लाजा के विरोध में किसान यूनियन के द्वारा चलाए जा रहे धरना प्रदर्शन के आज छठे दिन भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरदार पटेल की चित्र पर माल्यार्पण किया गया और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जयन्ती के अवसर पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। अपने वक्तव्य में किसान गोपाल दास गुप्ता ने कहा कि ये सरदार पटेल ही थे कि निजाम हैदराबाद भारत से अलग नहीं जा सका। यदि सरदार को प्रधान मंत्री बना दिया गया होता तो आज देश की यह हालत न होती। पूर्व सपा के अध्यक्ष प्रमोद केशरी ने कहा कि सरदार पटेल आज भी प्रासंगिक हैं। इनके विचार धारा पर चलने से देश मजबूत होगा। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह मंडल प्रवक्ता किसान यूनियन मीरजापुर ने कहा कि आज देश की जो हालत है ऐसे में सरदार पटेल की भूमिका प्रासंगिक हो गई है। जयन्ती मनाने की तभी सार्थकता जब हम उनके बताये रास्ते पर चलें हैं। किसान की हैसियत से उपस्थित दैनिक जागरण पत्रकार आत्मा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल आज भी सभी के हृदय में हैं ।हमें इनकी जयन्ती मनाने के साथ अवाम को जगाने का दिन है। इस अवसर पर स्वामी दयाल सिंह ने सरदार पटेल पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।जयन्ती के अवसर पर रामचन्द्र यादव, दौला देवी, चुल्हन सिंह, सुजिन्द्र सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, नन्दू भारती, विष्णु यादव, शीतला प्रसाद, रामराज,परशुराम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयंती पर रन फॉर यूनिटी को केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने दिखाई हरीझंडी



प्रखर दानगंज वाराणसी। देश में मंगलवार 31 अक्टूबर को पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। देश की एकता के संदेश के लिए लिए देश में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वाराणसी में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरीझंडी दिखाया। इस मौके पर मौजूद लोगो को राष्ट्र की एकता और अखंडता को एक रखने की शपथ भी दिलाई गई। केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडे ने वाराणसी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एकता के सूत्र में जिस तरीके से देश को पिरोने का कार्य किया है। इस प्रकार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उनके संकल्पना को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में हम सब देशवासी इस बात का प्रण लेते हैं, कि सरदार वल्लभभाई पटेल की सोच को आगे बढ़ते हुए एक मजबूत और अटूट भारत का निर्माण करेंगे। बता दें कि वाराणसी के भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स कारखाना से यह एकता दौड़ प्रारंभ हुई जो की हरहुआ में जाकर समाप्त हुआ। इसमें हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों के साथ–साथ बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं और स्वयं सेवी संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज



जौनपुर। नगर कोतवाली पुलिस ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके समर्थको के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने यह एफआइआर शकरमण्डी चौकी प्रभारी की तहरीर पर की है। धनंजय सिंह पर मुकदमा दर्ज होने की खबर मिलते ही चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया है। सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती के मौके पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने मंगलवार को नगर के मोहम्मद हसन पीजी कालेज के मैदान से कलेक्ट्री कचेहरी तक जन एकता रैली निकाली थी। रैली में भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी साथ में ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग किया गया। इस मामले में शकर मण्डी चौकी प्रभारी कंचन पाण्डेय ने तहरीर दिया कि कि मंगलवार दिन के लगभग 9 बजे पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने समर्थकों के साथ मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज से जन एकता रैली निकाला जिसमें सर्वोच्च न्यायालय और शासन की गाइड लाइनों का पालन नहीं किया गया जिसमें तेज आवाज में लाउडस्पीकर आदि बजाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाया गया है। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 334६ 2023 धारा 188 व ध्वनि प्रदूषण अधिनियम एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना करने में भी जुड़ गई है।

## घटिया बने नाली को विधायक के फटकार के बाद अधिकारियों ने तोड़वाया



**प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद जिला प्रशासन में मचा हड़कंप**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बाबतपुर – जमालापुर मार्ग पर बसनी से बरही कला तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण के दौरान जलनिकासी के लिए बन रहे नाली निर्माण कार्य मे गुणवत्ता काफी खराब होने पर विधायक के शिकायत पर जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया और रातोरात बने नाली को तोड़कर दोबारा कार्य शुरू कर दिया गया।

बताते हैं कि पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह के अथक प्रयास से 43 करोड़ की लागत से लगभग 10 किमी लंबे सड़क के साथ बाजारों में जलनिकासी के लिए नाली निर्माण की स्वीकृति मिली थी। बरही नेवादा बाजार में बन रहे गुणवत्ता की शिकायत स्थानीय लोगो ने विधायक से की। जिसपर विधायक ने डीएम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री कार्यालय व प्रमुख सचिव से मोबाइल से ही शिकायत दर्ज कराई और मौके का वीडियो भेजा। उसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग में हड़कंप मच गया और रातोरात ठीकेदार द्वारा उक्त नाली को तोड़ने के साथ मलबे को हटाकर नया ढंग से कार्य करने की कवायद शुरू कर दी गई। प्रमुख सचिव के निर्देश पर रात में अधिकारियों का एक दल मौके पर पहुचा और खराब गुणवत्ता मिलने पर तत्काल उक्त नाली को तोड़ने का निर्देश दिए। ग्रामीण रशीद खा ने बताया कि नाली सीमेंट के बजाय भस्सी से बनाई जा रही थी। जो थोड़ा ठोकर मारते ही गिर जा रही थी। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय विधायक से की गई। उसके बाद पहुचे अधिकारियों ने उसे तोड़वा दिया। वही डीएम ने इस बाबत जांच कमेटी भी गठित कर दी है। इस बाबत विधायक ने कहाकि इसकी शिकायत प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी से भी की गई। उन्होंने उच्च स्तरीय कमेटी के गठन कर जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को सपाई ने बड़े धूम धाम से मनाया



प्रखर संत कबीर नगर। खलीलाबाद के पुरानी सब्जी मंडी स्थित सपा कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष अब्दुल कलाम के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई. इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष अब्दुल कलाम, पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ रुजयचौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. इस दौरान पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल एक ऐसे क्षमतावान राजनीतिक नेता थे जो कई रियासतों को एक करके अखंड भारत बनाने का कार्य किया। सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आजाद भारत में बिखरी हुई रियासतों का विलय करते हुए देश को एकता के सूत्र में बाधा। वहीं जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमारे देश के एकता और अखंडता के लिए अपनी जीवन की सारी शक्ति दी। आज हमें सरदार पटेल जी के महान कार्यों को याद रखना चाहिए और उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। उनका संघर्ष और समर्पण हमें एक बनाने का संदेश देता है। इस दौरान मौजूद रहे जिला जिला पंचायत सदस्य शेलेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव बादल, राजमन यादव, हनुमान कन्नौजिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रामवृक्ष यादव, रमेश चन्द यादव, सैय्यद फिरोज अशरफ, एकलाख अहमद, नित्यानन्द यादव, अंशिका पाण्डेय, प्रिया पाठक, महक सिंह बघेल, शिवशरण यादव,विजय जायसवाल, मनोहर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नारी एक रूप अनेक–आदेश त्यागी





**मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत कार्यक्रम आयोजित**

प्रखर शाहगंज(जौनपुर)। भारत मे नारी को दुर्गा का रूप माना जाता है यही नारी जब अपने पर आजाये तो बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार कर सकती है ।इसी लिए भारत देश मे नारी को सम्मान और उसके रूप के अनेक रूप हैं माना जाता है। उक्त बातें क्षेत्र के मजडीहा स्थित बंसराज मेमोरियल सनराइज स्कूल में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही ।प्रभारी निरीक्षक ने छात्राओं को विषम परिस्थितियों में अपने बचाव के दर्जनों टिप्स बताए और कहा की कभी भी किसी भी तरह की समस्याएं होने पर 1090 का प्रयोग करें ।पुलिस सदैव सेवा और सुरक्षा के लिए तैयार है ।इस बीच छात्राओं ने पुलिस से कई सवाल किए जिसे प्रभारी निरीक्षक बहुत ही आसान भाषा मे छात्राओं को समझाने और बताने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन मो. हसन ने किया। और अध्यक्षता डाक्टर ज्ञानचंद चित्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जागृति चित्रवंशी ने मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य बृजेश पाठक,प्रियंका चित्रवंशी, अनुज कुमार सिंह सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे आभार श्रीमती चित्रवंशी ने प्रकट किया।

## सीआरपीएफ ने 95 बटालियन वाराणसी में राष्ट्रीय एकता दौड़ का किया आयोजन



(प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर सीआरपीएफ ने 95 बटालियन वाराणसी में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया इस दौर में सीआरपीएफ के कई अधिकारी और जवान शामिल हुए। देश के लौह पुरुष कहे जाने वाले प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की आज जयंती है। इस जयंती को सीआरपीएफ अपने तरीके से मनाने का काम कर रही है (तनद वित नदपजल पद टंतंदेप बतचि बंउच) 95 बटालियन सीआरपीएफ आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाई जाती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती, वाराणसी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन मंगलवार को पहड़िया वाराणसी स्थित 95 बटालियन सीआरपीएफ के कैंप कार्यालय से राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया इस राष्ट्रीय एकता दौड़ में सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान शामिल हुए अनिल कुमार बृक्ष 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह दौड़ पहाड़िया मंडी के गेट नंबर 1 पहड़िया चौराहा सारनाथ आशापुर चौराहे होते हुए वापस कैंप लौटी । कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष ने कहा कि सीआरपीएफ सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को विशेष तौर से मनाने का काम कर रही है सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश की एकता और अखंडता के लिए जाना जाता है उन्होंने कहा कि ऐसे लौह पुरुष के आदर्शों पर चलकर हम देश को एक सूत्र में बांधकर रखने का काम कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में उमाकांत ओझा उप कमांडेंट, अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट, 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस के भारी संख्या में जवानों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया ।

## बाल विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। डोमरी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय मे देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठीरू राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार वल्लभभाई पटेल आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कुलगीत प्रस्तुत किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल जी,आचार्य सीताराम चतुर्वेदी जी के चित्र पर तथा मां सरस्वती के मूर्ति पर मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास ओझा, अवकाश प्राप्त आचार्य, संस्कृत विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, महाविद्यालय की निदेशिका एवं पूर्व कुलपति, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ0 प्र0 प्रो. कल्पलता पांडेय तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र ने माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया ।संगोष्ठी में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अभिजीत एवं छात्राएं आस्था ओझा, साक्षी सिंह आदि ने सरदार जी के बारे में अपने–अपने विचार व्यक्तउ किये ।मुख्य अतिथि प्रो. श्रीनिवास ओझा जी ने संगोष्ठी में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है ।ज उन्होंने कहा कि सरदार जी अपने माता–पिता के योग्य सन्तान थे। योग्य संतान का होना बड़े गौरव व भाग्य की बात होती है। स्वतंत्रता के पश्चात देश के एकीकरण में सरदार जी की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने छोटे–छोटे राज्यों को स्वतंत्रता के पश्चात अपने विवेक, साहस व संयम से देश में शामिल किया। वह सच्चे देश भक्त थे ।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. कल्पलता पांडेय जी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल गांधी जी को अपना गुरु मानते थे। गांधी जी के कहने पर सरदार जी ने प्रधानमंत्री का पद अस्वीकार कर दिया था। सरदार जी ने अपने परिवार के किसी भी सदस्य को दिल्ली आकर मिलने से स्पष्ट मना किया था। परिवारवाद को बढ़ावा न देकर राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना उनका मुख्य उद्देश्य था ।प्रो. कल्पलता जी ने मुख्य अतिथि का सम्मान अंगवस्त्र व तुलसी का पौधा देकर किया।

संगोष्ठी मे उपस्थित लोगो का धान्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम में डॉ.अरुण कुमार दुबे, डॉ. रजनी श्रीवास्तव, डॉ. रचिता सिंह, जया तिवारी, श्रीमती। अंकिता आदि शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## सपा ने मनाई लौहपुरूष की 148वीं जयंती



**सरदार पटेल देश की एकता और अखण्डता के प्रबल पक्षधर थे: देवी प्रसाद चौधरी**

प्रखर मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर महान स्वन्त्रता संग्राम सेनानी व देश के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती मनाई गयी। इस मौके पर नेताओ व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया और उनके बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री एक दृढ़ संकल्प वाले कुशल प्रशासक थे। उन्होंने भारत की एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए ही आरएसएस पर प्रतिबंध लगाकर दृढ़ निश्चय व साहस का परिचय दिया था। अगर वह देश के प्रधानमंत्री होते तो आज देश इस दौर से नहीं गुजरता। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पटेल जैसे महापुरुष सदियों में एकाध ही पैदा होते हैं। पटेल देश की एकता और अखण्डता के प्रबल पक्षधर थे। जिन्होंने खुद प्रधानमंत्री की कुर्सी को त्याग दिया। जो अपने आप में एक मिशाल है। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस आरएसएस पोषित सरकार को उखाड़ फेंकनी है। जो समाज में जाति व धर्म की दीवार डालती है। फूट डालो राज करो पर राजनीति करती है। गोष्ठी को सम्बोधित करने वालो में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभावती यादव, रामराज पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह पटेल, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, जवाहर लाल मौर्या, आदर्श यादव, राजेश भारती, रामगोपाल बिन्द, सत्यप्रकाश यादव, चन्दन यादव, मेवालाल प्रजापति, अंकुर सिंह, दिलीप गुप्ता, संजय सिंह, जुम्मन खां, सुशील सिंह, जैन कुशवाहा, श्याम मोहन यादव, दुर्गा प्रसाद सिंह, गणेश केशरी, विकास केशरी, शिवअचल यादव, संग्राम बिन्द, कन्हैया यादव, विजयशंकर प्रजापति, रामजी बिन्द, केशराज यादव, राजपति सरोज, लक्ष्मीचन्द यादव, उपेन्द्र तिवारी, अहमद नवाज, दीनानाथ प्रजापति, राजकुमार यादव, शिवकुमार यादव, प्रेमकुमार यादव, जमाल अहमद, राकेश यादव, सलीम बादशाह, रविन्द्र यादव आदि शामिल थे।

## आरएस वर्ल्ड स्कूल में तीन दिवसीय काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता 2023 टेबल–टेनिस का शुभारम्भ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी सांसद खेल टेबल – टेनिस प्रतियोगिता 2023 का भव्य आयोजन आरएस वर्ल्ड स्कूल में 30 अक्टूबर 1 नवम्बर तक किया जा रहा है जिसका शुभारंभ रविंद्र जायसवाल , आरएसओ आरपी सिंह, डीएसओ मंजूर आलम अंसारी , जिला टेबल टेनिस संघ की सचिव सरिता विश्वनाथ गोकर्ण द्वारा किया गया। 40 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला वर्ग की एकल प्रतियोगिता, 18 वर्ष से अधिक पुरुष एवं महिला वर्ग की एकल प्रतियोगिता और इन दोनों वर्गों की महिला एवं पुरुष की युगल प्रतियोगिता संपन्न कराई गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़दृचढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के 40 वर्ष से अधिक (पुरुष एकल) आयु वर्ग में अतुल विनय राय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अनुराग कुमार गुप्ता दूसरे स्थान पर रहे और नीलेश रंजन ने तीसरा स्थान अपने नाम किया। 40 वर्ष से अधिक (महिला एकल) आयु वर्ग में सरिता विश्वनाथ गोकर्ण प्रथम स्थान हासिल कर विजेता रही और कविता चौधरी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं सुनीता पांडे तीसरे स्थान पर रहीं। 40 वर्ष अधिक (महिला युगल) आयु वर्ग प्रतियोगिता में सरिता विश्वनाथ गोकर्ण और कविता चौधरी ने मिलकर रागिनी श्रीवास्तव और सुनीता पांडे को शिकायत देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य 40 वर्ष से अधिक (पुरुष युगल) प्रतियोगिता में सुजीत सिंह और विनय राय विजेता का स्थान प्राप्त किया अनुराग गुप्ता और नीलेश रंजन दूसरे स्थान पर रहे, इसी प्रकार अनुराग सिंह और नीरज तीसरे स्थान पर रहें इस चल रहा है प्रतियोगिता के निर्णायक पारुल दीक्षित एवं सौम्या सिन्हा रही। प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किया गया 31 अक्टूबर को सुबह 9.00 बजे से 14 –18 वर्ष आयु वर्ग बालक –बालिका और दिन में 12.30 बजे से अंडर दृ 11 आयु वर्ग बालक – बालिका, 11–14 वर्ष बालक – बालिका की प्रतयोगिता 3.30 से शुरू कर दी जाएगी

## केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल प्रयास रंग लाया

प्रखर मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मीरजापुर जनपद में खुलने वाले मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की मंजूरी के बाद जनपद में विश्वविद्यालय स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। अब विश्वविद्यालय के स्थापना में तेजी आ जाएगी। जनपद की लोकप्रिय सांसद एवं भारत सरकार में वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने यूपी कैबिनेट के इस सराहनीय फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में विंध्याचल मंडल में शिक्षा के प्रचार–प्रसार में मील का पत्थर साबित होगा। बता दें कि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल पिछले कई सालों से प्रयासरत थीं। श्रीमती पटेल इस बाबत माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कई बार अनुरोध कर चुकी हैं। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 29 जनवरी 2020 में मीरजापुर दौरा के दौरान श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने विश्वविद्यालय स्थापना की मांग की थी। उधर, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री आशीष पटेल ने मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 16 जनवरी 2023 में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेश उपाध्याय जी से मुलाकात कर अनुरोध किया था। तत्पश्चात इस साल 2023–24 के वित्तिय बजट में विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 50 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया गया। विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु जनपद के मदिहान के देवरी ग्राम सभा की भूमि को चिन्हित किया गया है। अनुप्रिया पटेल का कहना है कि विंध्याचल मंडल अनुसूचित जातिध्जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। विंध्याचल मंडल में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना होने से क्षेत्रीय गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बड़े महानगरों अथवा अन्य जनपदों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बता दें कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से विंध्याचल मंडल में तेजी से विकास हो रहा है। यहां पर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं परिवहन जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ किया गया है।

## जिलाधिकारी व पुलिस आराक्षी अधीक्षक ने किया कारागार निरीक्षण



जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व पुलिस आराक्षी अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परिसर, कार्यालय, हास्पिटल व मेस आदि की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया।

## लघु उद्योग भारती संगठन का करखियाव औद्योगिक अस्थान में हुई बैठक



**संगठन के वरिष्ठ सदस्य तथा उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता को संगठन द्वारा किया गया सम्मानित**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लघु उद्योग भारती संगठन की बैठक मंगलवार कों करखियाव औद्योगिक अस्थान वाराणसी में आयोजित हुई जिसमे संगठन के वरिष्ठ सदस्य तथा उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले माह दिलीप गुप्ता को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथो आगरा में (उद्योग श्री) सम्मान से सम्मानित होने पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने बताया कि दिलीप गुप्ता पूर्वांचल के एक मात्र ऐसे उद्यमी है जिन्हे यह सम्मान प्राप्त हुआ है जिसके कारण लघु उद्योग भारती,काशी प्रांत के सभी उद्यमी साथी गौरवान्वित हुए है साथ ही दिलीप जी अन्य उद्यमियों के लिए प्रेरणा श्रोत है हम सब गर्व महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम में मनोज मधेशिया, ज्योति शंकर मिश्रा, गुलशन मौर्या, अरुण सिंह, सर्वेश श्रीवास्तव, दिनेश गुप्ता, गुलजारी लाल गुप्ता तथा काफी संख्या में कारखियाब औद्योगिक अस्थान के उद्यमी शामिल थे।

## साइकिल रैली निकाल पुलिस अधीक्षक ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया तथा महोदय द्वारा पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक साइकिल चला कर राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश लोगों को दिया गया। यह यात्रा पुलिस लाइन से शुरू होकर पीजी कॉलेज तिराहा होते हुए विकास भवन से सिंचाई विभाग चौराहा होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आकर समाप्त हुआ। इससे इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई तथा इसे सुनिश्चित करने के लिए देश के नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी इन्हें प्रेरित किया गया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक द्वारा देश के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री द्वारा देश के एकीकरण में किए गए योगदान के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी तथा थानाध्यक्ष कोतवाली नगर तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चे व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## गाजीपुर के 16 विकास खंडों की पवित्र मिट्टी दिल्ली के विशाल अमृत कलश में अर्पित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत माटी का नमन बीरो का बंदन कार्यक्रम गाजीपुर जनपद के 16 विकास खंडों के 2821गावो, तीन नगर पालिका तथा पांच नगर पंचायत के 138 वार्डों की पवित्र मिट्टी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर विशाल अमृत कलश में अर्पित कर दी गई।

इस अवसर पर माननीय केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री श्री महेंद्र नाथ पांडे एवं केंद्रीय उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री ने स्वयं गाजीपुर के अमृत कलशो की पवित्र अमृत कलश में अर्पित कर गर्व कीअनुभूति की। ज्ञातव्य हो कि यह कार्यक्रम विगत वर्ष से ही प्रधानमंत्री जी के लाल किला के प्राचीर से संबोधित पांच प्रण की शपथ के साथ–साथ शीलाफलकम का निर्माण ,गांव गांव नगर निकाय के वार्डों की मिट्टी तथा अच्छत चावल एक अभियान के रूप में जन भागीदारी के साथ एकत्रित किया गया था। कर्तव्य पथ पर पूरे देश से आए युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री जी आज संबोधित करेंगेस नेहरु युवा केंद्र के स्वय सेवको का नेतृत्व युवा कल्याण विभाग के अखिलेश यादव बीओ तथा नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक कर रहे हैंस उपनिदेशक कपिल देव सभी का दिल्ली में मार्गदर्शन कर रहे हैंस इस अवसर पर गाजीपुर के सभी स्वयंसेवक उपस्थिति रहे।

इसके पूर्व गाजीपुर से भेजे गए 24 अमृतसर को झूलेलाल पवित्र मिट्टी को अर्पित किया गया तथा वहां माननीय मुख्यमंत्री जी ने 24 पीतल के कलश प्रदान किए थे जिसकी मिट्टी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समर्पित किया गया।

## .राष्ट्रीय एकता दिवस पर छात्र छात्राओ को विद्यालय परिसर में दिलाई शपथ



प्रखर पूर्वांचल गोरखपुर। गोला क्षेत्र स्थित आनन्द विद्या पीठ इण्टर कालेज ककरही (1043)गोरखपुर में मंगलवार को एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश के प्रति योगदान को याद करते हुए, राष्ट्रीय एकता को सुनिश्चित करते हुए विद्यालय के एनसीसी अधिकारी अजय कुमार शुक्ल ने सभी छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी श्री शुक्ल ने पंक्तिबद्ध छात्र छात्राओं को शपथ ष्मै सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मै राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगाष् सभी छात्र छात्राओं ने अपना दाया हाथ आगे करे शपथ लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रवि प्रताप राय, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह, अनिल राय, समीर राय, रामप्रकाश, बीरेन्द्र, चन्द्रमा चौधरी, प्रवेश मौर्य, अजय सिंह पटेल, विनोद तिवारी, शिव प्रकाश गुप्ता, दीनानाथ, दीपक सिंह सहित समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे.

## भ्रष्टाचार विषयगत जागरूकता सप्ताह का आयोजन



प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, वाराणसी सेक्टर, वाराणसी पर आज दिनांक 30. 10. 2023 को भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में जनता के लोगो को जागरूकता के लिए उ0प्र0 शासन द्वारा भ्रष्टाचार के विषयगत जागरूकता सप्ताह ष्भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें के सम्बन्ध में जन संवाद कार्यक्रम अशोका इन्सिट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड मैनेजमेन्ट पहाड़िया वाराणसी के कान्फ्रेंस हाल में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रो० बिहारी लाल शर्मा, कुलपति, सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी व श्री आदित्य कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक, उ०प्र० सतर्कता अधिष्ठान, वाराणसी एवम् श्री अंकित मौर्य, डायरेक्टर अशोका इन्सिटय़ूट ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड मैनेजमेन्ट पहड़िया वाराणसी के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रो० बिहारी लाल शर्मा, कुलपति, सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। श्री विजयमल सिंह यादव, पुलिस उपाधीक्षक, उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान के कार्यप्रणाली एवम् इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में बताया गया। इन्हेने बताया कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान लोक सेवकों के बीच रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार काफी बढ गया था और कई बेइमान अधिकारियों ने बेइमानी से काफी सम्पत्ति अर्जित कर ली थी। तत्कालीन आई०पी०सी० व सी०आर०पी०पी० के मौजूदा प्राविधान इस समस्या से निपटने के लिए अपर्याप्त थे इसलिए भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए 1944 में आपराधिक कानून संशोधन अध्यादेश लाया गया। आजादी के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1947 पारित किया गया जिसमें आरोपी के खिलाफ जाँच पुलिस निरीक्षक या उससे उपर का अधिकारी कर सकता है। 1988 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम लागू हुआ । इस अधिनियम में लोक सेवक शब्द का दायरा बढाया, बड़ी संख्या में सभी विभागों के कर्मचारियों के विरूद्ध जॉच के दायरे में लाया गया व भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में अन्य बाते बतायी । तत्तपश्चात अशोका इन्सिटय़ूट ऑफ टेक्नोलाजी एण्ड मैनेजमेन्ट पहाड़िया वाराणसी के छात्रों द्वारा ष्विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारतश विषय पर नुक्कड नाकट प्रस्तुत किया गया।

## जौनपुर शहर में सम्राट अशोक क्लब भारत शाखा ने राष्ट्रीय प्रतीकों की जन चेतना यात्रा निकाली




प्रखर जौनपुर। राष्ट्रीय चिन्हों की अभिज्ञता और उदासीनता को देखते हुए राष्ट्र समर्पित संगठन सम्राट अशोक क्लब ने राष्ट्रीय प्रतीकों एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति जनमानस को जागरूक करने के लिए पूरे देश में जगह–जगह राष्ट्रीय प्रतीक सम्मान समारोह एवं जन चेतना यात्राओं का आयोजन किया था उसी क्रम में 31अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर जौनपुर में भी एक जन चेतना यात्रा निकाली गई जिसमें राष्ट्रीय चिन्हों का सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। जौनपुर शहर के बीचो–बीच होते हुए यह प्रदर्शनी यात्रा निकाली गई सैकड़ो लोगों ने इसका स्वागत किया।

यह यात्रा जौनपुर के भंडारी रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहा शाही पुल होते हुए औलंदगंज से जैसिस चौराहा होते हुए राष्ट्रीय अशोक स्तंभ पचहटिया तिराहा पर जाकर के एक गोष्ठी के रूप में परिवर्तित हो गई ।इस मौके पर राष्ट्रीय एकता अखंडता आपसी सौहार्द हेतु राष्ट्रीय एवं लोक भावनाओं से जुड़े हुए कार्यक्रम किए गए ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कन्हैया लाल मौर्य ,मनोज,शत्रुघ्न मौर्य,गंगा प्रसाद मौर्य,अंकित मौर्य,पंकज मौर्य ,मुस्कान मौर्य ,रियाजुल आदि मौजूद रहे।

## भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं सरदार पटेल और इंदिरा गांधी, राष्ट्र निर्माण में बीएचयू की रही है महत्वपूर्ण भूमिका – डॉ राजेश मिश्रा



प्रखर वाराणसी। एनएसयूआई बीएचयू इकाई ने मंगलवार को बीएचयू के छात्रसंघ भवन में सरदार पटेल जी की जयंती और इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि पर स्मृति सभा का आयोजन किया और पिछले दिनों एनएसयूआई बीएचयू इकाई द्वारा आयोजित पेंटिंग, क्विज, निबंध और भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। सभा के दौरान बीएचयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल और इंदिरा गांधी भारतीय एकता और अखंडता के प्रतीक है, सरदार पटेल जी ने न केवल रियासतों को जोड़कर बल्कि सांप्रदायिक ताकतों पर अंकुश लगाकर देश को एक सूत्र में पिरोया, बीएचयू ने भी राष्ट्रनिर्माण में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता संजीव सिंह ने कहा कि आज देश की अखंडता के सामने सबसे बड़ी चुनौती व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी है, और बीएचयू के छात्रों पर यह जिम्मेदारी है कि वह समाज को वास्तविक तथ्यों से रूबरू कराते रहें। डॉ ओपी राय, डॉ शार्दुल चौबे, डॉ धनंजय सुग्गू और जागृति राही ने सभा को संबोधित किया और फिर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा तिवारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राजीव नयन ने दिया। इस दौरान इकाई प्रभारी अक्षय यादव क्रांतिवीर, इकाई अध्यक्ष राजीव नयन, शंभू कन्नौजिया, प्रज्ञा तिवारी, सुमन आनंद, अभिषेक यादव, शिवम राय, अभिषेक कुमार, जय प्रकाश, आकाश, मुरारी, रिया, रोज मिश्रा, अर्पिता मौर्या, प्रियदर्शन मीणा, रेहान, अतुल, सौम्य, पीयूष मीणा, विवेक, ओम, स्मित, हर्षित, केशव, आदित्य,अमरेंद्र, गौरव, प्रतीक, दीपक, सतीश, सोनू, इशिका, राजनंदनी, संजीत, आदि मौजूद रहे।

## जय श्री बाग एवं नर्सरी पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का हुआ समापन




प्रखर चोलापुर वाराणसी। जय श्री बाग एवं नर्सरी बबियांव, चोलापुर, वाराणसी पर स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम के तहत काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का समापन हुआ। बतादे कि 3 दिन के प्रशिक्षण में नर्सरी प्रबंधन, छत्र प्रबंधन, पौधों के रखरखाव ग्राफ्टिंग एवं बागवानी के विषय की विस्तृत जानकारी दी गई। बताते चले कि चोलापुर कल्याण फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से भी बताया गया। जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कल्याण घडेई, प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह प्रोफेसर ओपी और नेफ के उपनिदेशक श्रीप्रकाश, शेखर मणि तिवारी एवम नीतेश यादव उपस्थित रहे। बागवानी एवं नर्सरी मैनेजमेंट का प्रशिक्षण शैलेंद्र रघुवंशी एवं सौरभ रघुवंशी ने दिया। वही सभी छात्र–छात्राओं का धन्यवाद शिवकुमार यादव ने किया।

## प्रदेश के कोटेदारो का कमीशन बढाया जायेगा– बृजेश पाठक



प्रखर लखनऊ। आल इणियन फेयर प्राइज शाप डीलर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश ईकाई द्वारा आयोजित ऐतिहासिक सम्मेलन में प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के राशन डीलरो को कमीशन बढाया जायेगा। क्योंकि प्रदेश के कोटेदार इस समय काफी ईमानदारी से काम कर रहे हैं ।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मैं वचन देता हूं कि जरूर सफल होंगे। इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेगर विधायक योगेश शुक्ला सदर विधायक मनोज प्रजापति सासंद हमीरपुर विधायक रामपुर कारखाना देवरिया पूर्व कमिश्नर दिनेश सिह महोबा तथा पूर्वमुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बहू अर्पणा यादवजी कार्यक्रम में शामिल हुए। संगठन से प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी प्रदेश महासचिव अशोक सिंह रामकुमार सिंह राघवेंद्र मणि त्रिपाठी संतोष सिंह देवबलि सिंह प्रभु नारायण पाण्डेय लक्ष्मी पाण्डेय गीता वर्मा किरन देवी पंकज मिश्रा विनोद पांडेय प्रदेश के समस्त जिलो से कोटेदार उपस्थित थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं